932

# 825(OA)

## 2020

## सामाजिक विज्ञान

केवल प्रश्नपत्र

(ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास)

समय : तीन घण्टे 15 मिनट | पूर्णांक : 70

नोट : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

downloaded from StudentSuvidha.com

**निर्देश :**

(i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों "क" एवं "ख" में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है । प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।



(iii) प्रश्नपत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं – बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व विस्तृत-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिए गए हैं ।

(iv) "क" तथा "ख" खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है ।

(v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड "क" में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड "ख" में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं ।

### खण्ड – "क"

### (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. वर्तमान समय में भारतीय संघ में कितने केन्द्रशासित प्रदेश हैं ? 1

   (अ) 09 (ब) 07
   (स) 10 (द) 08

2. पुनर्जागरण युग का अभ्युदय किस देश से हुआ था ? 1

   (अ) रोम (ब) इटली
   (स) ब्रिटेन (द) अमेरिका

3. 'विश्व व्यापार संगठन' की स्थापना कहाँ पर हुई थी ? 1

   (अ) न्यूयॉर्क (ब) वाशिंगटन
   (स) जिनेवा (द) ऑस्ट्रिया

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

4. मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ? 1

(अ) 10 दिसम्बर (ब) 5 सितम्बर

(स) 14 नवम्बर (द) 15 अगस्त

5. राष्ट्रवाद का प्रारम्भ जिस देश से हुआ, वह है 1

(अ) जर्मनी (ब) इटली

(स) फ्रांस (द) इंग्लैण्ड

6. असहयोग आन्दोलन का मुख्य कारण क्या था ? 1

(अ) रॉलैट एक्ट (ब) प्रथम विश्व युद्ध

(स) खिलाफत आन्दोलन (द) चौरी-चौरा की घटना

http://www.mpboardonline.com

downloaded from StudentSuvidha.com

### (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

7. लोकतंत्र के लिए जातिवाद क्यों घातक है ? दो कारण लिखिए। 1 + 1

8. भारतीय लोकतंत्र की दो विशेषताएँ लिखिए। 1 + 1

9. जर्मनी का एकीकरण कब और कैसे हुआ ? 1 + 1

### (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

10. भारत की विधायिकाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की स्थिति लिखिए। 3

**अथवा**

उत्तरदायी शासन की दो विशेषताएँ लिखिए। 1½ + 1½

11. मुद्रण संस्कृति ने भारतीय राष्ट्रवाद के विकास में क्या मदद की ? 3

**अथवा**

गुटनबर्ग कौन था ? वह क्यों प्रसिद्ध है ? 1 + 2



### (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

12. राजनैतिक दल का क्या तात्पर्य है ? लोकतंत्र में राजनैतिक दलों की विभिन्न भूमिकाओं की विवेचना कीजिए। 2 + 4

**अथवा**

भारतीय संघ में केन्द्र-राज्य सम्बन्धों का वर्णन कीजिए। 6

13. महामंदी के कारणों की व्याख्या कीजिए और बताइए भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका क्या प्रभाव पड़ा। 3 + 3

**अथवा**

विश्व अर्थव्यवस्था ने कैसे स्थान ग्रहण किया ? इसमें तकनीकी का क्या योगदान है ? 3 + 3

### (मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा अंकित कर नाम सहित दर्शाइए। सही नाम, सही अंकन के लिए $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं।

14. (i) वह स्थान, जहाँ सितम्बर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान, जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान, जहाँ 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान, जहाँ सूती मिल श्रमिकों का सत्याग्रह हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान, जहाँ 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए
मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप)

निर्देश : इन प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।

14. (i) सितम्बर 1920 में कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ? 1

(ii) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड कहाँ हुआ था ? 1

(iii) 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ? 1

(iv) सूती मिल श्रमिकों का सत्याग्रह कहाँ हुआ था ? 1

(v) 1927 में कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ? 1

खण्ड – "ख"

(बहु-विकल्पीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

15. "चिपको आन्दोलन" सम्बन्धित है : 1

(अ) मृदा संरक्षण (ब) वन संरक्षण

(स) जल संरक्षण (द) वायु संरक्षण

16. कपास की खेती के लिए सबसे उचित भूमि कौन सी है ? 1

(अ) काली मिट्टी (ब) लाल मिट्टी

(स) जलोढ़ मिट्टी (द) लैटेराइट मिट्टी



17. इनमें से कौन सी 'रबी' की फसल है ? 1

(अ) धान (ब) दालें

(स) मोटे अनाज (द) कपास

18. भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कब लागू किया गया ? 1

(अ) 1982 (ब) 1984

(स) 1985 (द) 1986

19. निम्न में से आधारभूत उद्योग कौन सा है ? 1

(अ) चाय (ब) चीनी

(स) लोहा एवं इस्पात (द) जूट

20. भारत में करेंसी नोट जारी करने का एकाधिकार किसे प्राप्त है ? 1

(अ) रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया

(ब) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

(स) पंजाब नेशनल बैंक

(द) बैंक ऑफ बड़ौदा

(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

21. जैव संसाधन और अजैव संसाधन क्या होते हैं ? 1 + 1

22. औसत आय का अर्थ लिखिए । 2

23. भारत में परमाणु ऊर्जा के दो केन्द्रों के नाम का उल्लेख कीजिए । 2



StudentSuvidha.com
downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

### (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

24. प्राथमिक क्षेत्र को परिभाषित कीजिए । 3

**अथवा**

पहाड़ी क्षेत्रों में मृदा अपरदन की रोकथाम के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए ? 3

25. पर्यावरण में गिरावट से आप क्या समझते हैं ? 3

**अथवा**

सड़क परिवहन के कोई तीन गुण लिखिए । 1 + 1 + 1

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

26. वे कौन से विभिन्न तरीके हैं जिनके द्वारा बाजार में लोगों का शोषण हो सकता है ? 6

**अथवा**

मुद्रा वस्तु-विनिमय की समस्या को किस तरह सुलझाती है ? उदाहरण दीजिए । 6

27. भारत में कृषि क्षेत्र में होने वाली समस्याएँ लिखिए । 6

**अथवा**

संगठित और असंगठित क्षेत्रों में अन्तर कीजिए । 3 + 3

### (मानचित्र कार्य)

निर्देश : दिए गए भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

28. (i) उत्तर प्रदेश की राजधानी ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित । ½ + ½

(ii) किसी परमाणु ऊर्जा केन्द्र का नाम ▲ चिह्न द्वारा नाम सहित । ½ + ½

(iii) इन्दिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईपत्तन ✈ चिह्न द्वारा नाम सहित । ½ + ½

(iv) गुजरात की राजधानी ✡ चिह्न एवं नाम सहित । ½ + ½

(v) गेहूँ उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र ■ चिह्न द्वारा नाम सहित । ½ + ½

### (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।

28. (i) काली मिट्टी के एक क्षेत्र का नाम लिखिए । 1

(ii) दिल्ली किस प्रदेश की राजधानी है ? 1

(iii) संगम कहाँ स्थित है ? 1

(iv) राजस्थान की राजधानी का नाम लिखिए । 1

(v) सदाबहार वन के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम दीजिए । 1

StudentSuvidha.com
downloaded from



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com